हिन्दुस्तान

सफलता | अंबाला में हरियाणा स्टेट एथलेटिक्स चैंपियनशिप में रिले दौड़, दौड़ और गोला फेंक में पदक जीतीं

जिले की तीन बेटियों ने प्रतियोगिता में धमक दिखाई

गुरुग्राम, कार्यालय संवाददाता। अंबाला में चल रही अंडर-11 हरियाणा स्टेट एथलेटिक्स चैंपियनशिप में गुरुग्राम की तीन बेटियों ने पदक जीतकर जिले का नाम रोशन किया है। इसमें रिले दौड़, दौड़ और गोला फेंक में ब्रांच पदक शामिल है।

प्रतियोगिता में शामिल बाकी खिलाड़ियों से भी पदक जीतने की उम्मीद जताई है। विजेता खिलाड़ियों को स्कूल और एसोसिएशन की ओर से सम्मानित किया गया। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने कहा कि पहली बार अंडर-11 में इतने पदक गुरुग्राम की बेटियों ने जीते हैं।

इन बेटियों के नाम है यह पदक : अंबाला में अंडर-11 बालक और बालिका हरियाणा स्टेट एथलेटिक्स चैंपियनशिप 08 से 10 दिसंबर तक आयोजित किया गया। पहले दिन यानी आठ दिसंबर को गुरुग्राम की गर्ल्स टीम ने 4x100 रिले में कांस्य पदक जीता। इसमें पाथवेज स्कूल से आशी सिद्धू, जरा बहल या सान्वी सहगल और सेक्टर-45 के डीपीएस से शनाया शामिल रही। वहीं खेल के दूसरे दिन शनाया ने 400 मीटर दौड़ में कांस्य पदक जीत कर गुरुग्राम के नाम दूसरा पदक किया। मानेसर बाल भारती पब्लिक स्कूल से दिव्यांशी सिंह ने गोला फेंक में कांस्य पदक जीता।

गुरुग्राम के खिलाडियों ने अंबाला में आयोजित राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में जीते कई पदक। • हिन्दुस्तान

गुरुग्राम से 34 खिलाड़ियों ने लिया हिस्सा : अंबाला में आयोजित अंडर-11 एसजीएफआई स्टेट एथलेटिक्स प्रतियोगिता में गुरुग्राम से 34 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया।

17-17 लड़कियां-लड़के शामिल हैं। लेकिन 30 खिलाड़ियों को प्रतियोगिता में खेलने का मौका मिला। बाकी छह खिलाड़ियों की उम्र बताकर प्रतियोगिता में हिस्सा लेने नहीं दिया गया है।

बाकी खिलाड़ियों से पदक की उम्मीद

एईओ हरेंद्र, शनाया के कोच रवि यादव ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी। आगे भविष्य में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए हौसला बढ़ाया। वहीं जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के सचिव और कोच अर्जुन सिंह ने कहा कि प्रतियोगिता में शामिल बाकी खिलाड़ियों से पदक जीतने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि अंडर-11 में पहली बार बेटियों की ओर से इतने पदक आए हैं।